‘उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047’ समारोह

चर्चा में क्यों?

20 जुलाई, 2022 को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने बताया कि केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार कंपनी कार्य-क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 25 से 30 जुलाई, 2022 के मध्य आज़ादी का अमृत महोत्सव में ‘उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा 2047’ समारोह आयोजित किये जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि कंपनी कार्य-क्षेत्र के भोपाल संभाग के अंतर्गत भोपाल ज़िले में तरावली कला, भैंसाखेड़ी, विदिशा ज़िले में कुरवाई एवं गंज़बासौदा शहर, रायसेन ज़िले में रायसेन एवं सलिवानी शहर, सीहोर ज़िले में सीहोर एवं बुधनी शहर तथा राजगढ़ ज़िले में मंगल भवन एवं पंचायत भवन में समारोह आयोजित किये जाएंगे।
- ग्वालियर संभाग के अंतर्गत ग्वालियर ज़िले में ग्वालियर एवं बलिहाटी, दतिया ज़िले में सेंवढ़ा एवं दतिया शहर, अशोकनगर ज़िले में अशोकनगर शहर एवं मुंगावली गाँव, गुना ज़िले में गुना शहर एवं म्याना टाउन तथा शिवपुरी ज़िले में शिवपुरी शहर एवं करेरा में समारोह होंगे।
- नर्मदापुरम् संभाग के अंतर्गत नर्मदापुरम् ज़िले में इटारसी एवं पचमढ़ी शहर, हरदा ज़िले में हरदा एवं टमिरनी शहर तथा बैतूल ज़िले में नांदू गाँव तहसील घोड़ाडोंगरी एवं आमधाना गाँव तहसील भीमपुर में समारोह आयोजित किये जाएंगे।
- चंबल संभाग के अंतर्गत श्योपुर ज़िले में श्योपुर एवं विजियपुर शहर, मुरैना ज़िले में मुरैना टाउन हाल, पंचायत सभागार राजौधा एवं भिंड ज़िले में मेहगाँव शहर एवं फूफ में समारोह होंगे।
- गौरतलब है कि ‘उज्ज्वल भारत, उज्ज्वल भविष्य ऊर्जा, 2047’ समारोह में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा सेंट्रल पावर सेक्टर इंटरप्राइजेज **(CPSE's)** के साथ समन्वय कर ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों, योजनाओं आदि के प्रदर्शन बैनर, पोस्टर, आडियो विज़ुअल, नुक्कड़ नाटक आदि ज़िला प्रशासन के माध्यम से समारोह में प्रदर्शित किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bright-india-bright-future-energy-2047-celebrations